फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 98 प्रभात जयपुर, शनिवार 7 नवम्बर, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



A Dawat And The Guest

Good hospitality is measured not by how much the host provides, but by how thoughtfully everything is arranged

Copper Pots Get Scientific Validation

Hukkus Bukkus Telyi Wan Tsch Kus

भारत में जन्मी नित्या रमण लॉस एंजलिस की मेयर निर्वाचित

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 नवम्बर। अमेरिका की लॉस एंजलिस सिटी काउन्सिल की सदस्य नित्या रमण, जिन्हें ''डेमोक्रेटिक



सोशलिस्ट्स ऑफ अमेरिका'' का समर्थन प्राप्त था, और जो पहले बहुत कम जानी जाती थीं, ने मेयर कैरेन बास को हरा दिया है। इस अप्रत्याशित जीत से देश के दूसरे सबसे बड़े शहर की दिशा बदल जाएगी।

भारत में जन्मी नित्या रमण के चुनाव अभियान ने सिटी हॉल में एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत दिया। मतदाताओं ने न्यूयॉर्क की राह अपनाई, जहां पिछले साल लोकतांत्रिक समाजवादी जोहरान ममदानी निर्वाचित हुए थे। हालांकि, राष्ट्रीय स्तर पर नित्या रमण की ममदानी जैसी पहचान नहीं थी, और उन्होंने अपने चुनाव अभियान के दौरान कई बार इस बात पर जोर भी दिया कि जरूरत पड़ने पर वे ''प्रोग्रेसिव पार्टी'' से अलग रुख अपनाने के लिए

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

सिद्धारमैया, पूर्व मु.मंत्री, राहुल गांधी की चाय पार्टी में शरीक नहीं हुए

सिद्धारमैया ने उपस्थित नहीं हो पाने की वजह बताई कि वे वार्षिक हसनांबा उत्सव में शामिल होने की काफी समय पहले ही घोषणा कर चुके हैं

- जैसा विदित ही है, सिद्धारमैया के खिलाफ एक ''स्टिंग'' ऑपरेशन वाला वीडियो काफी चर्चित है, सोशल मीडिया में।
- हालांकि, बैंगलोर के पुलिस कमिश्नर ने अपनी जांच के बाद वीडियो को फर्ज़ी बताया है तथा फर्ज़ी वीडियो जारी करने के आरोप में काफी धर-पकड़ भी हुई है, बैंगलोर में।
- तथापि, वर्तमान मु.मंत्री शिवकुमार व पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष, दोनों राहुल की चाय-पार्टी में जरुर शामिल हुए।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 नवम्बर। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा बुलाई गई चाय बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने हासन में पहले से तय कार्यक्रम का हवाला देते हुए उन्होंने पार्टी को सूचित किया है कि वह बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगे।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बी.के. हरिप्रसाद और मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के इस बैठक में शामिल होने की उम्मीद है।

सिद्धारमैया शुक्रवार को हासन जाने वाले हैं, जहां वे वार्षिक हसनांबा उत्सव में शामिल होंगे और ऐतिहासिक हसनांबा मंदिर में दर्शन करेंगे। होयसल काल के इस मंदिर के द्वार 29 अक्टूबर, 2026 को श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे और वार्षिक जात्रा महोत्सव 11 नवंबर को संपन्न होगा।

बैठक में शामिल नहीं होने का उनका फैसला सोमवार, 3 नवंबर को नई दिल्ली में लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात के कुछ दिनों बाद आया है। दोनों नेताओं ने सिद्धारमैया को निशाना बनाने वाले एक कथित स्टिंग ऑपरेशन वीडियो से पैदा हुए विवाद पर चर्चा की थी।

बंद कमरे में यह हुई बैठक कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर हुई थी। सिद्धारमैया के साथ उनके बेटे और कर्नाटक के शहरी विकास मंत्री यतीन्द्र सिद्धारमैया भी मौजूद थे। उन्होंने ए.आई.सी.सी. महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और पार्टी अध्यक्ष

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

अमिताभ बच्चन को एक और धमकी मिली

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 नवम्बर। मुंबई के कई प्रमुख स्थानों को निशाना बनाकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इनमें बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का बंगला ''जलसा'', बॉम्बे

- 22 अक्टूबर को अमिताभ बच्चन को पहली धमकी मिली थी और अब यह दूसरी धमकी ई-मेल के मार्फत मिली है, पन्द्रह दिन के अंतराल पर। बच्चन परिवार व पुलिस इस धमकी को काफी गंभीरता से ले रही है।

हाईकोर्ट और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) शामिल हैं। इस धमकी के बाद पूरे शहर में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

हाईकोर्ट को एक धमकी भरा ई-मेल मिला, जिसमें इन तीनों स्थानों के साथ-साथ वर्ली रेसकोर्स में भी बम हमले की चेतावनी दी गई है।

धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है।

अमिताभ बच्चन को मिली यह दूसरी धमकी है। बाईस अक्टूबर को शहर के एक स्कूल को धमकी भरा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

करोल बाग में चार मंजिला कॉमर्शियल बिल्डिंग में भारी आग लगी

गफ्फार मार्केट में मोबाइल फोन से संबंधित सामान बेचने वाली दुकान से आग शुरु हुई थी

- पुलिस का अनौपचारिक तौर पर यह मानना है कि मोबाइल फोन की बैटरीज़ की ओवर चार्जिंग होने से शायद आग लगी है।
- करीब 20-25 दमकल, तीन कैट एंबुलैंस, दो पी.सी.आर. वाहन काम में लिए गए, आग को काबू पाने के लिए।
- प्रारंभिक जाँच के अनुसार, आग ग्राउण्ड फ्लोर पर स्थित, दुकान नम्बर 13/21, जहाँ मोबाइल फोन की बैटरियां चार्ज होती थीं तथा स्टोर की जाती थीं, वहाँ से शुरु हुई तथा शीघ्र ही उस भवन की चारों मंजिलों पर फैल गई।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 नवम्बर। दिवाली से ठीक पहले और धनतेरस के अवसर पर शुक्रवार तड़के दिल्ली के गफ्फार मार्केट में चार मंजिला व्यावसायिक इमारत में भीषण आग लग गई। इस घटना के बाद बड़े पैमाने पर आपातकालीन बचाव अभियान शुरू किया गया।

आग पर काबू पाने के लिए दमकल की करीब 20 से 25 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, चेन वाली गली में आग लगने की सूचना शुक्रवार रात करीब 1:28 बजे करोल बाग पुलिस थाने को मिली। थाना प्रभारी और रात की ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। वहां उन्होंने पुरी प्लाज़ा की दुकान नंबर 13/21 में आग लगी हुई देखी। इस चार मंजिला व्यावसायिक इमारत में मोबाइल फोन के सामान का कारोबार होता है।

शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग इमारत के भूतल पर स्थित एक दुकान से शुरू हुई, जहां मोबाइल फोन की बैटरियां रखी हुई थीं। इसके बाद आग इमारत की चारों मंजिलों तक फैल गई।

दमकल की 20 से 25 गाड़ियों के अलावा, तीन सीएटी (कैट) एंबुलेंस और दो पीसीआर वाहन भी मौके पर तैनात किए गए। आपातकालीन सेवाओं के कर्मचारी घटना स्थल पर तुरंत सक्रिय हो गए।

हालांकि, आग बुझा दी गई है, लेकिन इस घटना में संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। किसी की जान जाने या घायल होने की खबर नहीं है।

पुलिस को संदेह है कि बैटरियों के अधिक गर्म होने या जरूरत से ज्यादा चार्ज होने के कारण आग लगी होगी। लेकिन आग लगने का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग और इलेक्ट्रिकल इन्स्पेक्टर से विस्तृत रिपोर्ट मांगी जाएगी।

फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) की टीम भी इमारत की जांच करेगी, यह पता लगाने के लिए, कि आग फैलने में किसी अन्य ज्वलनशील पदार्थ की भूमिका तो नहीं

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

